डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/ म.प्र./ मन्दसौर/ 122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 19 | अंक 281 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | रविवार 27 जुलाई 2025 | मूल्य 2 रुपया







## रक्षा बंधन को लेकर अच्छी ग्राहकी की आस में व्यवसाई

### दुकानदारों ने मंगवाया माल, इस बार कंट्रोल में कीमतें

**मंदसौर, 26 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** भाई-बहन के त्योहार रक्षाबंधन की तैयारियां शुरू हो गई हैं। बाजार में दुकानें सजने लगी हैं। राखी के बड़े व्यापारी बाहर से माल लाने के साथ यहीं राखियां तैयार भी करा रहे हैं। उनका कहना है कि इस बार राखियां महंगी नहीं हैं। बाजार में कच्चा-पक्का माल डिमांड पर मिल रहा है और प्रतिस्पर्धा के इस दौर में भाव भी स्थिर हैं। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में प्रमुख स्थायी दुकानें लगी हैं। जहां शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र के लोग खरीदारी करने पहुंचने लगे हैं।



रक्षाबंधन का त्यौहार इस बार 09 अगस्त को मनाया जाएगा। इसके एक महीने पहले ही शहर में तैयारी शुरू हो जाती है। राखी विक्रेताओं ने बताया कि शहर में जो स्थानीय स्तर पर रेशम की डोर से लेकर फैंसी राखियां बनवाते हैं, वे दो महीने पहले ही तैयारी शुरू कर देते है। दिल्ली, गुजरात, इंदौर, उज्जैन से राखी मंगवाने वाले भी डेढ़ महीने पहले ही ऑर्डर दे देते हैं। ताकि समय पर माल आ सके। शहर में 70 से ज्यादा छोटी-बड़ी दुकानें सजती हैं। इसके अलावा विभिन्न हिस्सों के बाजारों में भी दुकानें लगती हैं। राखी में अभी 15 दिन बाकी हैं, ऐसे में बड़े व थोक दुकानदारों ने दुकानें सजा ली हैं। बाजार में 02 रुपए से 800 रुपए तक की रेशम की डोर से लेकर राखियां विभिन्न डिजाइनों में मिल जाएंगी। फूंदे 01 से लेकर 10 रुपए नग में मिल रहे हैं। रेशम का गुच्छा व फैंसी डोरे 05 रुपए से 90 रुपए नग में मिल रहे हैं। सादी व फैंसी राखियां 03 से लेकर 800 रुपए तक की हैं। इनकी डिजाइन में ज्यादा बदलाव नहीं है, फिर भी बच्चों के लिए छोटा भीम, डोरेमन जैसे कार्टून वाली राखियों के साथ काजू, बादाम व पिज्ज़ा, बर्गर, चॉकलेट सहित मिठाई जैसे फूड आइटम डिजाइन और लाइटिंग वाली राखी है। बड़ों व सुहागिनों के लिए भैया-भाभी, चूड़ा जैसी फैंसी राखियां बाजार में उपलब्ध हैं।

**फैंसी थालियां भी उपलब्ध...**

बाजार में राखी के दौरान तिलक-पूजन आदि के लिए भी रेडीमेड फैंसी थालियां मौजूद हैं। यहां प्लेट साइज से लेकर बड़ी थाली की साइज तक में फैसी थालियां मिल जाएंगी। ये 50 रुपए से लेकर 200 रुपए तक की हैं। आजकल इन्हें ज्यादा पसंद किया जा रहा है। उपयोग के बाद इन्हें घर में सजाकर भी रख सकते हैं।

### मामला निर्माणाधीन शिवना ब्रिज का...

# लापरवाही: जनता की गाढ़ी कमाई का करोड़ों रुपया बर्बाद..!

**[ लागत 12 करोड़ रुपए से बढ़कर हुई 32 करोड़ रुपए ]**

**मंदसौर, 26 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** जनता की गाढ़ी कमाई का रुपया अफसरो की लापरवाही के कारण बर्बाद हो रहा है। योजना तैयार होने और स्वीकृति-टेंडर सहित अन्य प्रक्रिया में लगने वाला समय लगभग हर बड़े काम की लागत बढ़ा रहा है। समय सीमा निर्धारित होने के बाद भी पांच-पांच साल तक निर्माण पूरा नहीं हो पा रहा है। शिवना नदी पर निर्माणाधीन ब्रिज इसका एक और उदाहरण है। वर्ष 2018 में ब्रिज निर्माण की कवायद शुरु हुई। बड़ी मशक्कत के बाद शिवना नदी पर बनने वाले इस ब्रिज का काम शुरू हुआ। तब अनुबंध में कहा गया कि ये ब्रिज 2020 में बनकर तैयार हो जाएगा। लेकिन, समय सीमा के पांच साल बाद भी काम अधूरा है। उस समय इस ब्रिज की लागत 12 करोड़ रूपए थी। आज यह बढ़कर 32 करोड़ रूपए पर पहुंच गई है।




**कई बार बढ़ाई समयावधि...**

ब्रिज निर्माण शुरू होने के दौरान पिचिंग वॉल बनाना प्रस्तावित था। लेकिन, वर्ष 2019 की बाढ़ को देखते हुए निर्णय बदला। कुछ निजी जमीन की समस्या भी थी। इसके कारण रिटर्निंग वॉल बनाने का निर्णय लिया गया। दोबारा बुलाए टेंडर में 28 फीसदी दर स्वीकृति व जीएसटी 12 से बढ़कर 18 प्रतिशत होने से भी लागत बढ़ गई। यही नहीं, एप्रोच रोड की प्रशासकीय स्वीकृति में भी लंबा समय लगा। अनदेखी व लापरवाही का ही नतीजा रहा कि एक या दो बार नहीं, बल्कि कई बार प्रोजेक्ट की समयावधि बढ़ाई। लेकिन, ठेकेदार से अफसर काम नहीं करवा पाए?

**ऐसा होगा ब्रिज...**

नवीन ब्रिज की चौड़ाई 12 मीटर रहेगी। जबकि, लंबाई 245 मीटर रहेगी। ब्रिज के दोनों तरफ 230-230 मीटर के एप्रोच रोड भी बनेंगे। कुल मिलाकर ब्रिज के दोनों तरफ 460 मीटर लंबा रोड बनाएंगे, ताकि इससे ब्रिज पर आ-जा सकें। हालांकि, सालभर पहले ही ठेकेदार ने एप्रोच रोड बनाने के लिए मिट्टी डाल दी थी। लेकिन, स्वीकृति नहीं मिलने के कारण काम भी शुरू नहीं हो सका। इसके लिए निजी फैक्टरी की दीवार भी विभाग हटवा चुका है। बताया जा रहा है कि एप्रोच निर्माण के लिए एक दुकान व दो मकान को भी हटाया जाएगा, ताकि मुक्तिधाम पहुंच मार्ग बन सकें।

**यह कहानी रही ब्रिज की...**

वर्ष 2018 में सेतु विकास निगम ने एनडीबी के तहत 30.13 करोड़ रूपये से शिवना ब्रिज समेत मंदसौर-नीमच जिले में 10 ब्रिज का काम गुजरात के ठेकेदार को दिया। तीन बार अतिरिक्त समय भी दिया। लेकिन, फिर भी ठेकेदार ने काम नहीं किया। पांच साल बाद एनडीबी ने ठेकेदार का अनुबंध निरस्त कर दिया। दोबारा टेंडर प्रक्रिया कराकर मंगलम कंस्ट्रक्शन का ठेका हुआ। स्वीकृति नहीं होने से ठेकेदार ने एप्रोच रोड का काम शुरू नहीं किया। अब स्वीकृति मिल गई है। लेकिन, काम शुरू होने का इंतजार अभी भी है।

# डोडाचूरा तस्करों को पांच-पांच साल की कठोर सजा, जुर्माना भी लगाया

**मंदसौर, 26 जुलाई गुरु एक्सप्रेस। विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट मंदसौर द्वारा एनडीपीएस के आरोपी कन्हैयालाल पिता जगदीश धाकड़ उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम धमनार तहसील दलौदा जिला मंदसौर एवं विकास पिता वरदीचंद धाकड़ उम्र 34 वर्ष निवासी ग्राम फतेहगढ़, तहसील दलौदा जिला मंदसौर को अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा की तस्करी करने के अपराध में दोषी पाते हुए 05-05 वर्ष के सश्रम कारावास एवं पांच-पांच हजार रूपये जुर्माने से दण्डित किया।**

अभियोजन मीडिया प्रभारी श्री बलराम सौलंकी द्वारा यह जानकारी दी गई। उन्होंने घटना के संबंध में बताया कि 12 जुलाई 2017 को थाना नारकोटिक्स सेल इंदौर प्रकोष्ठ मंदसौर में पदस्थ उपनिरीक्षक विनीत दुबे को मुखबीर सूचना प्राप्त हुई कि कन्हैयालाल पिता जगदीश धाकड़ निवासी धमनार मोटर साईकिल क्रमांक एमपी 14 एमटी 0736 दो प्लास्टिक के कट्टो में डोडाचूरा रखकर ग्राम लालाखेड़ा फंटे की ओर आने वाला है। मुखबीर द्वारा संदेही का हुलिया का विशिष्ट विवरण देते हुए उसके उपरोक्त स्थान से पकड़े जाने की संभावना व्यक्त की। सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए उक्त स्थान पर नाकाबंदी की गई। कुछ समय इंतजार के बाद मुखबीर द्वारा बताये गये हुलिए का व्यक्ति मोटरसाईकिल पर तेज गति से आता दिखा, जिसे फोर्स की मदद से रोका गया एवं नाम पता पुछने पर उसने अपना नाम कन्हैयालाल पिता जगदीश धाकड उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम धमनार तहसील दलौदा जिला मंदसौर होना बताया। उक्त व्यक्ति को मुखबीर सूचना से अवगत कराकर तलाशी ली गई। संदिग्ध व्यक्ति की मोटरसाईकिल में दो काले रंग के कट्टो में छिलकेनुमा पदार्थ भरा होना पाया गया। संदेही से पूछे जाने पर उसने उक्त पदार्थ डोडाचूरा होना बताया। उक्त मादक पदार्थ डोडाचूरा को कब्जे में रखने व परिवहन कर ले जाने के सम्बंध में वैध प्रपत्र एवं लायसेंस के बारे में पूछताछ की तो वैध प्रपत्र व लायसेंस नहीं होना बताया। तत्पश्चात प्लास्टिक के बोरों में भरे मादक पदार्थ डोडाचूरा का तौल किया गया तो कुल 42 किलोग्राम डोडाचूरा होना पाया। उक्त आरोपी को गिरफ्तार किया जाकर थाना वापसी पर अपराध धारा 8/15, 25, 29 एनडीपीएस एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया।



विवेचना के दौरान अन्य आरोपी विकास पिता वद्रीचंद्र धाकड़, उम्र 34 वर्ष निवासी- ग्राम फतेहगढ़ जिला मंदसौर की भी संलिप्तता होने से उसे भी आरोपी बनाया गया। अपराध के संपूर्ण अनुसंधान उपरांत आरोपियो के विरूद्ध संबंधित न्यायालय में अभियोग पत्र प्रस्तुत किया गया। जहां प्रकरण के संपूर्ण विचारण उपरांत दोनों आरोपियो को 05-05 वर्ष के कारावास एवं पांच-पांच हजार रूपये के अर्थदंड से दंडित किया गया। अर्थदंड की राशि अदा ना करने पर एक-एक वर्ष का अतिरिक्त कारावास से दंडित किया गया। प्रकरण में शासन की ओर से प्रकरण का संचालन श्री बीएस ठाकुर, विशेष लोक अभियोजक द्वारा किया गया।

## जिले के दो गांव सुकन्या ग्राम बनेंगे

### सुकन्या रक्षा अभियान की शुरुआत, बच्चियों के खोले जाएंगे खाते

**मंदसौर, 26 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** डाक विभाग ने मध्यप्रदेश में सुकन्या रक्षा अभियान की शुरुआत की। इस अभियान में बच्चियों के डाक घरों में खाते खोले जाएंगे। हर जिले के 02 गांव सुकन्या ग्राम भी घोषित होंगे। गवर्मेंट प्रेस स्थित मुख्य डाक घर में मुख्य पोस्ट मास्टर जनरल विनीत माथुर ने अभियान की शुरुआत की। सभी संभाग में यह अभियान 30 सितंबर तक चलेगा।

**अभियान में यह होगा-** ✻ मध्यप्रदेश के प्रत्येक डाकघर में संबंधित क्षेत्र की योग्य बालिकाओं के नाम पर सुकन्या समृद्धि योजना के तहत खाते खोले जाएंगे। उनके बचत खाता, आवर्ती जमा, सावधि जमा खाते भी खोले जाएंगे। ✻ मई-25 तक घोषित 2 हजार 456 सुकन्या ग्रामों में शेष योग्य बालिकाओं के सुकन्या खाते खुलवाए जाएंगे। ✻ प्रदेश के प्रत्येक जिलों में कम से कम दो गांवों की सभी बालिकाओं के सुकन्या समृद्धि खाते खुलवाकर 30 सितंबर तक पूरे गांव को सुकन्या ग्राम घोषित किया जाएगा।

## भागवत नगर में पत्थरबाजी : 11 बदमाशो के खिलाफ मामला दर्ज

**मंदसौर, 26 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** शहर का शांत ईलाका माने जाने वाले भागवत नगर में एक दिन पहले रात में कुछ बदमाशों ने आतंक मचाया। नरसिंहघाट के पास कालोनी में गाली गलौज की। इसके साथ ही घरों पर पत्थरबाजी की। मामले में पुलिस ने 11 युवको के विरूद्ध प्रकरण दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। बताया जाता है कि पुराने विवाद के चलते एक घर पर जमकर पत्थराव किया गया था। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ। इसके बाद शहर कोतवाली पुलिस ने भी मामले में संज्ञान लिया। पुलिस ने मामले में नैतिक पिता मनोहर खत्री, अनिरुद्ध पिता मनोहर खत्री, लक्की पिता बबलु पंवार, आयुष पिता रवि पंवार, रितीक पिता मनोहरलाल खत्री सभी निवासी शनि विहार कॉलोनी, अभिषेक पिता सत्यनारायण माली निवासी शिव दर्शन कॉलोनी, रोहित पिता मुकेश माली निवासी खिलचीपुरा, सौरभ ग्वाला निवासी खानपुरा, हर्षवर्धनसिंह पिता प्रतापसिंह पंवार, प्रतापसिंह पिता कृष्णसिंह पंवार, नरेंद्रसिंह पिता प्रतापसिंह पंवार सभी निवासी भागवत नगर के खिलाफ मामला दर्ज किया है।



## मौसम : शहर की सड़के फिर हुई जलमग्न, अंचल भी हुआ तर

**मंदसौर, 26 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** शहर में बारिश का दौर जारी है। इसके अलावा अंचल में कई जगहों पर शनिवार को भी अच्छी बारिश हुई। मंदसौर में सुबह से ही बादल छाए रहे। सुबह 10 बजे बाद बारिश का दौर शुरु हुआ। करीब पौन घंटे तक अच्छी खासी बारिश हुई। इसके बाद बूंदाबांदी का दौर चलता रहा। बारिश के चलते शहर की सड़कों पर हर बार की तरह पानी जमा हो गया। मुख्य मार्गों पर घुटनों तक पानी देखा गया। नयापुरा रोड, शुक्ला चौक, बालागंज, धानमंडी, दयामंदिर रोड़ सहित कई जगहों पर जमा हुए पानी से यातायात खासा प्रभावित हुआ। शनिवार को दिनभर बादल छाए रहे।

अंचल में भी कई कस्बो व गांवो में सुबह से लेकर देर रात तक बारिश दर्ज की गई। कई दुकानों में पानी घुस गया, जिससे व्यापारियों को नुकसान झेलना पड़ा। कई सड़के तालाब बन गई। जिससे टू-व्हीलर वाहन बीच रास्ते में बंद हो गए। स्कूल जाने वाले छात्र घुटनों तक पानी में फंसते नजर आए। चौराहों और गलियों में जलभराव के बीच कुछ बच्चों ने बारिश का आनंद लिया और सड़क पर नहाते नजर आए। लेकिन, आमजन के लिए यह मस्ती परेशानी बन गई।

## खंभे से बांधकर नाबालिग को पीटा, मौत

**लड़की से मिलने गया था, प्रेमिका के परिजन पर सिर मुंडवाकर पीटने का आरोप**

**रतलाम, 26 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** जिले के नामली थाना क्षेत्र के मेवासा गांव में शुक्रवार देर रात नाबालिग लड़के का शव संदिग्ध हालत में मिला था। बताया गया है कि 17 साल के लड़के को खंभे से बांधकर बेरहमी से पीटा गया था। उसका सिर भी मुंडवा दिया था। मारपीट के चलते उसकी मौत हो गई। फिलहाल पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर लिया है और एक व्यक्ति को राउंडअप किया है।

पुलिस की शुरुआती जांच में सामने आया है कि आयुष मालवीय उम्र 17 वर्ष गांव की एक नाबालिग लड़की से मिलने गया था। आधी रात को लड़की के परिजनो ने उसे पकड़ लिया और खंभे से बांधकर मारपीट की। इसी दौरान उसकी जान चली गई। घटना की सूचना शुक्रवार देर रात करीब 2:30 बजे नामली पुलिस को दी गई। मौके पर एसडीओपी ग्रामीण किशोर पाटनवाला पहुंचे। नाबालिग का शव रतलाम मेडिकल कॉलेज भेजा गया। शनिवार सुबह उसका पोस्टमॉर्टम किया गया। पुलिस को रिपोर्ट का इंतजार है। आयुष कांडरवासा गांव का रहने वाला था और 12वीं का छात्र था। उसके पिता समरथ मालवीय गांव-गांव जाकर सूखा मसाला बेचते हैं। मां का नाम भूली बाई है और बड़ा भाई अनिल दलौदा में माइक्रो फाइनेंस कंपनी में काम करता है। रतलाम ग्रामीण एसडीओपी किशोर पाटनवाला ने कहा कि घटनाक्रम के हर पहलू की जांच की जा रही है। एक युवक को राउंडअप किया गया है। मृतक के पिता की रिपोर्ट के आधार पर हत्या का प्रकरण दर्ज किया गया है।

### पिता को पीटा, पुत्र पर प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 26 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** पुत्र ने पिता को पीटा। पुलिस ने केस दर्ज किया। नापाखेड़ा निवासी रामलाल बागरी ने नारायणगढ़ थाने पर शिकायत दर्ज कराई बकि मैंने बेटे दिनेश को जमीन का हिस्सा दे दिया था। फिर भी वह मुझसे बोला कि मुझे और हिस्सा चाहिए। मैंने मना किया ततो गाली-गलौज की व लकडी से मारा, जिससे सिर में चोंटे आई। पुलिस ने दिनेश पर केस दर्ज किया।

### एमपी बोर्ड :12वीं की द्वितीय परीक्षा का परिणाम घोषित

**भोपाल, 26 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश ने कक्षा 12वीं की द्वितीय परीक्षा 2025 का परिणाम घोषित कर दिया है। परीक्षा में कुल 57.60 प्रतिशत विद्यार्थी सफल हुए हैं। छात्र और छात्राएं वेबसाइट पर जाकर अपना परिणाम देख सकते हैं। परीक्षा में 38 हजार 438 स्वाध्यायी विद्यार्थी भी शामिल हुए थे, जिनमें से 15,116 विद्यार्थी सफल रहे हैं। कक्षा 10वीं की पूरक परीक्षाएं 17 से 26 जून 2025 के बीच आयोजित की गई थी। जबकि, कक्षा 12वीं की पूरक परीक्षा 17 जून से 05 जुलाई 2025 तक चली थी।

# डोडाचूरा तस्करी करते पुलिस आरक्षक धराया, नीमच एसपी ने किया निलंबित

**मंदसौर, 26 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** नीमच के पुलिस कप्तान ने अपने यहां पदस्थ आरक्षक की जहां ड्यूटी लगाई थी, वहां से गायब होकर जवान ऑन ड्यूटी तस्करी करते पकड़ा गया। नीमच के इस आरक्षक को डोडाचूरा के साथ मंदसौर के नारायणगढ़ थाने की बूढ़ा चौकी पुलिस ने पकड़ा है। मामले में पुलिस आरक्षक सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। वहीं एक की तलाश की जा रही है। आरक्षक और उसके साथी का न्यायालय ने दो दिन की रिमांड पर सौंपा है।



मिली जानकारी के अनुसार सूचना मिलने पर पुलिस ने योजनाबद्ध तरीके से दबिश दी। इस दौरान एक स्विफ्ट कार को रोका गया। जिसकी तलाशी ली गई। तलाशी लेने पर उसमें 30 किलो डोडाचूरा मिला। इस मामले में नीमच पुलिस लाईन में पदस्थ राजेंद्रसिंह सहित दो को गिरफ्तार किया गया है। वहीं एक आरोपी को पुलिस तलाश रही है। इस मामले में नीमच एसपी अंकीत जायसवाल ने बताया कि जानकारी मिलने के बाद आरक्षक को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। विभागीय जांच भी की जाएगी। एसपी ने बताया कि जिन पुलिसकर्मियों की डीई चल रही है उन्हें भोपाल से मिले निर्देशानुसार लाईन अटैच किया गया है। इसमें राजेंद्रसिंह भी शामिल है। राजेंद्रसिंह की अस्पताल में गार्ड ड्यूटी लगाई गई थी। वह ड्यूटी से गायब होकर मंदसौर में मादक पदार्थ के साथ गिरफ्तार हुआ है।

**विभागीय इतिहास भी संदिग्ध...**

राजेंद्रसिंह पर पहले भी अनुशासनहीनता के आरोप थे। पहले वह मनासा थाने में पदस्थ था। लेकिन, वहां विभागीय कार्रवाई के चलते उसे लाइन अटैच किया गया था। उसके खिलाफ मारपीट का प्रकरण भी दर्ज है, जिसकी जांच अभी जारी है। साथ ही उसके रिश्तेदारों पर भी एनडीपीएस एक्ट के प्रकरण दर्ज हो चुके हैं।

**दो दिन रिमाण्ड पर...**

नारायणगढ़ टीआई अनिल रघुवंशी ने बताया कि डोडाचूरा व कार को जब्त करने के बाद शनिवार को आरोपी को एनडीपीएस एक्ट कोर्ट मंदसौर में पेश किया गया। जिसे दो दिन की पुलिस रिमाण्ड पर सौंपने के आदेश हुए है। आरोपी डोडाचूरा कहां से लाया था तथा किसे देने जा रहा था। इस संबंध में पूछताछ की जा रही है।

**तुरंत निलंबन, जांच के आदेश...**

मामले की गंभीरता को देखते हुए नीमच पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल ने राजेंद्र सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर विभागीय जांच के निर्देश दिए हैं। एसपी जायसवाल ने स्पष्ट किया कि ऐसे मामलों में किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश भर में जिन पुलिसकर्मियों पर संदेह या विभागीय जांचें लंबित हैं, उन्हें लाइन अटैच किया गया था। राजेंद्र सिंह को लाइन अटेच किया था।

**एसडीओपी ने कहा, गहराई से हो रही जांच...**

एसडीओपी मल्हारगढ़ नरेंद्र सोलंकी ने कहा कि यह मामला अत्यंत गंभीर है। आरोपियों से यह जानने की कोशिश की जा रही है कि मादक पदार्थ कहां से लाए और इसे कहां सप्लाई होना था। इनके पीछे कोई बड़ गिरोह सक्रिय तो नही है।

**दो वर्ष पूर्व भी बर्खास्त हुआ था एक आरक्षक...**

यह कोई पहली घटना नहीं है जब खाकी वर्दीधारी ही अपराध में संलिप्त पाया गया हो। पूर्व में 27-28 मई 2023 को भी बूढ़ा चौकी क्षेत्र में चोरी की बोलेरो को छुड़वाने के प्रयास में एक आरक्षक देवेंद्र सिंह को बर्खास्त किया गया था। उसने भी पुलिस का स्टीकर लगी गाड़ी को छुड़ाने के लिए चौकी प्रभारी को कॉल कर दबाव बनाया था। मामला मीडिया में आने के बाद एसपी ने मामले की जांच कराई व उसे बर्खास्त किया था।

# नारकोटिक्स विंग के निरीक्षक राकेश चौधरी और भरत चावड़ा इंदौर अटैच

**मंदसौर, 26 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** एनडीपीएस के खेल में कई खाकी वाले अब तक दागदार हो चुके है। जांच के बाद कुछ पर कार्रवाई भी हुई तो कुछ को क्लीन चीट मिल गई। नारकोटिक्स विंग के निरीक्षक राकेश चौधरी और भरत चावड़ा को विंग की मंदसौर चौकी से हटाकर इंदौर कार्यालय पर अटैच कर दिया गया है। बता दें कि एक बार फिर नारकोटिक्स विंग में इनकी कस्टडी में एक एनडीपीएस के आरोपी की मौत हो गई। ऐसे में फिलहाल दोनों को इंदौर अटैच किया गया है।

टीआई राकेश चौधरी और भारत चावड़ा एक बार फिर सुर्खियों में है। हर बार की तरह इस बार भी मामला एनडीपीएस से ही जुड़ा है। एनडीपीएस के आरोपी की मौत के बाद सवाल उठना इसलिए भी लाजमी है कि कार्रवाई का नेतृत्व करने वाले विंग टीआई राकेश चौधरी व भरत चावड़ा के खिलाफ एनडीपीएस के विवादित प्रकरण में कोर्ट के आदेश पर बीते दो साल में राजस्थान व यूपी में 02 प्रकरण दर्ज हो चुके हैं। दोनों ही पुलिसकर्मियों का विवादों से नाता रहा है। इनके खिलाफ कई मामलों में विभागीय जांच भी चल रही है। मंदसौर जिले से मोह के चलते लंबे समय से पुलिस विभाग व अब नारकोटिक्स विंग में पदस्थ हैं। बता दें कि वर्ष 2022 के प्रकरण में राजस्थान की प्रतापगढ़ कोर्ट के आदेश के बाद राजस्थान पुलिस ने मंदसौर के 07 पुलिसकर्मियों के खिलाफ व यूपी पुलिस ने यूपी सीमा में घुसकर तस्करी में उठाने व फिरौती मांगने के आरोप में 10 पुलिसकर्मियों पर एफआईआर की थी। इन दोनो मामलो में भी चौधरी और चावड़ा शामिल है।

**महिपाल के परिजनों के आरोप...**

मृतक महिपाल के परिजनों ने गंभीर आरोप लगाए है। उनका कहना है कि पुलिस कस्टडी में मौत हो गई। पूरा मामला ही संदिग्ध है। गिरफ्तार करने के बाद फोन लगाकर बार-बार घर पर बोलने के लिए कहा। जब यहां आए तो बेटा मरा मिला। दोषियों पर कार्रवाई होकर न्याय मिले। समाजसेवी अवधेश सिंह चुंडावत ने कहा कि तस्करों व पुलिस का गठजोड़ उजागर हो। क्योंकि, इसी के चलते कई युवा शिकार हो रहे हैं। कार्रवाई करने वालों पर भी पूर्व में मामले दर्ज हैं। मामले की उच्च स्तरीय जांच कर कार्रवाई की जाए।

# मंदसौर वि. क्षेत्र में सिंहस्थ 2028 के लिए 74 करोड़ से अधिक के विकास कार्य स्वीकृत

## विधायक विपिन जैन के प्रयासों से शिवना नदी का सौंदर्यीकरण और सड़क निर्माण को मिलेगी गति

**मंदसौर, 26 जुलाई गुरु एक्सप्रेस। मंदसौर की जीवनदायिनी शिवना नदी के सौंदर्यकरण और क्षेत्र के विकास के लिए सिंहस्थ 2028 मद के अंतर्गत 74 करोड़ रुपये से अधिक की राशि स्वीकृत की गई है। यह उपलब्धि क्षेत्रीय विधायक विपिन जैन के अथक प्रयासों का परिणाम है, जिन्होंने मंदसौर की जनता की लंबे समय से चली आ रही मांगों को पूरा करने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं।**



मीडिया प्रभारी राजनारायण लाड ने बताया कि विकासवादी सोच के धनी विधायक श्री विपिन जैन के प्रयास से शिवना नदी पर घाट निर्माण व सौन्दर्यकरण कार्य हेतु 12.32 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत हुई है। इस राशि से नदी पर घाट निर्माण, सौंदर्यकरण, रिटर्निंग वॉल का निर्माण और लाइटिंग का कार्य किया जाएगा। विधायक विपिन जैन ने पिछले तीन महीनों से शिवना नदी के शुद्धिकरण के लिए अभियान चलाया है, जिसमें स्थानीय नागरिकों और भक्तों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया है। विधायक ने चुनाव से पहले शिवना नदी के सौंदर्यकरण का संकल्प लिया था, जो अब साकार होता नजर आ रहा है। इस स्वीकृति के लिए उन्होंने मुख्यमंत्री मोहन यादव से मुलाकात कर राशि स्वीकृत करने का आग्रह किया था। मंदसौर में यातायात सुगम बनाने और सिंहस्थ 2028 के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए कई महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाओं को भी मंजूरी दी गई है-✻ 7 करोड़ रुपये की लागत से अंबेडकर चौराहे से काश्तकार होटल होते हुए भगवान पशुपतिनाथ मंदिर तक सड़क चौड़ीकरण और सौंदर्यकरण का कार्य होगा। यह मार्ग वर्तमान में संकीर्ण होने के कारण यातायात में बाधा उत्पन्न करता है। इस कार्य से ट्रैफिक की समस्या का समाधान होगा और श्रद्धालुओं को मंदिर तक पहुंचने में सुविधा होगी। ✻ 32 करोड़ रुपये की लागत से भगवान पशुपतिनाथ मंदिर, खिलचीपुरा, श्रवण नाला होते हुए नालछा माता मंदिर हाईवे तक फोरलेन सड़क का निर्माण किया जाएगा। यह परियोजना सिंहस्थ के दौरान लाखों श्रद्धालुओं के लिए आवागमन को सुगम बनाएगी। ✻ 23 करोड़ रुपये की लागत से काश्तकार होटल के सामने पुलिया का निर्माण होगा, जिससे पूरे जिले से आने वाले लोगों के लिए आवागमन आसान होगा।

इन विकास कार्यों की स्वीकृति पर विधायक विपिन जैन ने मुख्यमंत्री मोहन यादव और उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा, 'यह मंदसौर के लिए गौरव का क्षण है। शिवना नदी के सौंदर्यीकरण और क्षेत्र के विकास के लिए स्वीकृत ये परियोजनाएं मंदसौर को नई पहचान देंगी। हम जनता की अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए कटिबद्ध है।' इन परियोजनाओं से न केवल मंदसौर का सौंदर्य बढ़ेगा, बल्कि सिंहस्थ 2028 के दौरान आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को भी बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। शिवना नदी के शुद्धिकरण और सौंदर्यीकरण से मंदसौर की सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत को नया आयाम मिलेगा।

## प्रज्ञा प्रवाह मंदसौर की बैठक सम्पन्न

**मंदसौर, 26 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** प्रज्ञा प्रवाह मंदसौर की महिला आयाम की बैठक आज यहां जवाहरलाल नेहरू विधि महाविद्यालय परिसर में प्रज्ञा प्रवाह के प्रांत सहसंयोजक डॉ. डी.डी. बेदिया और प्रांत महिला आयाम प्रमुख डॉ. समीक्षा जी तथा विभाग संयोजक डॉ. क्षितिज पुरोहित की उपस्थिति में सम्पन्न हुई।

बैठक में प्रज्ञा प्रवाह के साथ जुडकर महिलाऐं किस तरह अपनी भूमिका का निर्वाहन साहित्यिक, सांस्कृतिक क्षेत्र में कर सकती हैं पर चर्चा की गई साथ ही समसामयिक विषयों पर अध्ययन केंद्र संचालित किए जाने की योजना बनाई गई। बैठक में प्रज्ञा प्रवाह के मंदसौर महिला आयाम संयोजक के रूप में डॉ.सीमा श्रीमाल और सहसंयोजक के लिए हेमलता चौहान की घोषणा की गई। डॉ. योगिता सोमानी, डॉ. रूचिकुंवर देवडा, डॉ. नयना भावसार, श्रीनती तरूणा शर्मा, श्रीमती साक्षी माली की उपस्थिति रही।

# सार्थक एप बना टीचर्स के लिए सिरदर्द...

## हाजरी में गड़बड़ी से मचा बवाल, डाटा हुआ लीक

**जबलपुर, 26 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** मध्यप्रदेश के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा शुरू की गई सार्थक एप व्यवस्था अब शिक्षकों के लिए परेशानी का सबब बनती जा रही है। शिक्षकों और कर्मचारियों की उपस्थिति दर्ज करने के लिए बनाई गई यह प्रणाली न सिर्फ तकनीकी खामियों से जूझ रही है, बल्कि अब इसमें से पर्सनल डाटा लीक होने की गंभीर शिकायतें भी सामने आ रही हैं।

इस मुद्दे पर प्रांतीय शासकीय महाविद्यालयीन प्राध्यापक संघ ने कड़ा ऐतराज जताते हुए विभाग से कार्रवाई की मांग की है। संघ के संरक्षक प्रोफेसर कैलाश त्यागी और प्रांताध्यक्ष डॉ. आनंद शर्मा ने साझा बयान जारी कर बताया कि यह व्यवस्था पिछले एक वर्ष से लागू है। हालांकि इस दौरान कई बार आयुक्त कार्यालय की ओर से दिशा-निर्देश जारी किए गए, लेकिन नेटवर्क की समस्या का समाधान नहीं किया गया।

**टेक्निकल खामियां और चेकआउट का झंझट**-सार्थक एप में सबसे बड़ी समस्या चेकआउट ऑप्शन को लेकर है। यदि शिक्षक किसी कारणवश चेकआउट करना भूल जाते हैं, तो उनकी उपस्थिति रिकॉर्ड नहीं हो पाती, चाहे वे पूरे समय कॉलेज में ही क्यों न रहे हों। इस स्थिति में उपस्थिति दर्ज करने की कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं है, जिससे शिक्षकों की कार्य उपस्थिति गलत ढंग से दर्शाई जाती है।

**महिला शिक्षकों की तस्वीरें भी हुई सार्वजनिक**-सबसे चिंताजनक बात यह है कि कुछ शिक्षकों की तस्वीरें, जिनमें कई महिला शिक्षक भी शामिल हैं, सार्वजनिक प्लेटफॉर्म्स पर लीक हो गई। यह न केवल निजता का उल्लंघन है, बल्कि सुरक्षा और गरिमा के दृष्टिकोण से भी गंभीर चिंता का विषय है। शिक्षक संघ ने इसे साइबर सुरक्षा में भारी चूक बताते हुए संबंधित जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ जांच और कार्रवाई की मांग की है।

**शिक्षक संघ की मांगें**-संघ ने साफ तौर पर कहा है कि जब तक इन समस्याओं का समाधान नहीं किया जाता, तब तक सार्थक एप को अनिवार्य करना अनुचित होगा। उन्होंने उपस्थिति दर्ज करने की वैकल्पिक प्रणाली, नेटवर्क समस्याओं के समाधान और डाटा लीक की निष्पक्ष जांच की मांग अपर मुख्य सचिव, उच्च शिक्षा विभाग से की है।

## कन्या महाविद्यालय में कारगिल विजय दिवस मनाया



**मंदसौर, 26 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** शासकीय कन्या महाविद्यालय, मंदसौर के प्राचार्य डा.सुधीर रायजादा ने बताया कि कारगिल विजय दिवस के अवसर पर कारगिल विजय में भारतीय सेनाओं के पराक्रम, शोर्य एवं अदम्य साहस के बारे में वरिष्ठप्राध्यापक डॉ.पी.एल.पाटीदार ने विस्तृत प्रकाश डाला। भारतीय सेना ने लगभग 60 दिवस तक दुश्मनों का पूरी बहादूरी से सामना किया एंव 26 जुलाई 1999 को विजय प्राप्त की। इस युद्ध में भारतीय सेना के लगभग 526 सैनिकों शहीद हुए। इस अवसर पर मौन प्रार्थना करके अमर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। साथ ही महाविद्यालय में 26 जुलाई से 8 अगस्त 2025 तक होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों के बारे में डा.निरंजन गंगवाल द्वारा बताया गया जिसमें दिनांक 28 जुलाई2025 को डाक्यूमेंट्री दिखाई जायेगी एवं कारगिल विजय पर आधारित निबन्ध एवं पोस्टर प्रतियोगितायें भी आयोजित की जायेगी। कार्यक्रम का संचालन डा.निरंजन गंगवाल ने किया एवं आभार डा.अखलाक मन्सूरी ने माना। इस अवसर पर महाविद्यालयीन स्टाफ एवं छात्रायें उपस्थित थी।

# पीएम एक्सीलेंस कालेज में स्टडी क्लब द्वारा शोध पत्र की प्रस्तुति

**मंदसौर, 26 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, मंदसौर में स्टडी क्लब द्वारा जारी शोध पत्र प्रस्तुतिकरण श्रृंखला के अंतर्गत दिनांक 26 जुलाई 2025 को ग्रीन केमेस्ट्री विषय पर तथा आदिगुरु शंकराचार्य के कृतित्व, उनके दर्शन एवं सिद्धांतों पर आधारित शोध पत्रों का प्रस्तुतीकरण किया गया।



प्रथम सत्र में महाविद्यालय के रसायन शास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष सुश्री खुशबू मंडावरा ने ग्रीन केमेस्ट्री एवं इंजीनियरिंग विषय पर अपने शोध पत्र वाचन में कहा कि हानिकारक रसायनों के दुष्प्रभावों से आज हमारा जीवन विभिन्न प्रकार के रोगों एवं गंभीर बीमारियों से ग्रसित हो रहा है। साथ ही ये रसायन पर्यावरण में लंबे समय तक बने रहते हैं जो संपूर्ण जीव जगत को प्रभावित करते हैं। हरित रसायन या ग्रीन केमेस्ट्री तकनीकें इससे बचने का महत्वपूर्ण विकल्प प्रस्तुत करती है। आज भारत सहित विभिन्न देशों में इस बात पर जोर दिया जा रहा है कि किस तरह हम रसायनों के दुष्प्रभाव को कम कर सके तथा हरित रसायन के सिद्धांतों को तकनीकी में अपनाकर मानव स्वास्थ्य एवं पर्यावरण पर होने वाले नकारात्मक प्रभावों को न्यूनतम कर सकें। आजकल विश्व स्तर पर ग्रीन बिल्डिंग्स का प्रचलन बढ़ा है जो कि पूर्णत: पर्यावरण हितैषी होती है एवं प्राकृतिक संसाधनों पर कम से कम नकारात्मक प्रभाव डालती है। आपने कहा कि यदि हम भारतीय ज्ञान परंपरा पर आधारित पर्यावरण-हितैषी सिद्धांतों को अपनाते हैं तो हम स्वाभाविक रूप से प्रदूषण रहित जीवन जी सकते हैं। आपने विभिन्न प्रकार के उदाहरणों सहित विषय को विस्तारपूर्वक समझाया। द्वितीय सत्र में महाविद्यालय के प्राचार्य एवं दर्शनशास्त्र के प्राध्यापक प्रो. जे.एस. दुबे ने शंकर-बोध शीर्षक के अपने शोध पत्र में आदिगुरु शंकराचार्य के दर्शन एवं सिद्धांतों पर प्रकाश डाला। आपने आचार्य शंकर के जन्म से लेकर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व को रेखांकित किया। आपने बताया कि किस तरह आचार्य शंकर ने अपने समय में प्रचलित समस्त मतों का खंडन कर पूरे भारतवर्ष में सनातन को पुन: प्रतिष्ठित किया। आपने आदिगुरु शंकराचार्य के द्वारा प्रतिपादित चार सूत्रों एवं महावाक्यों की विभिन्न उद्धरणों के साथ व्याख्या की एवं सरल भाषा में उपस्थित जनों को समझाया एवं आचार्य शंकर द्वारा भारतवर्ष में प्रतिष्ठित चार मठों एवं श्रीनगर में स्थित शारदा पीठ के बारे में चर्चा की। आपने 'ब्रह्म सत्य जगत मिथ्या' की व्याख्या करते हुए आचार्य शंकर के अद्वैतवाद के महत्व को रेखांकित किया। कार्यक्रम का संचालन हिन्दी विभाग की सहायक प्राध्यापक एवं स्टडी क्लब प्रभारी डॉ. ललिता लोधा ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. डी.सी.गुप्ता, आइक्यूएसी प्रभारी डॉ. आर.सी. डाड, सहित अन्य प्राध्यापकगण उपस्थित थे।

# सरस्वती शिशु मंदिर में संकुल मासिक आचार्य अभ्यास वर्ग प्रारम्भ

**मंदसौर, 26 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** विद्या भारती मालवा की योजनानुसार समय-समय पर भैया/बहिनों की शैक्षणिक गुणवत्ता एवं सर्वांगीण विकास हेतु अभ्यास वर्ग आयोजित होते है इसी के अंतर्गत सरस्वती शिशु-विद्या मंदिर केशव नगर में 2दिवसीय संकुल आचार्य अभ्यास वर्ग का आयोजन हुआ,जिसमे केशव नगर, अभिनदन नगर मंदसौर, सीतामऊ, कैलाशपुर के आचार्य-दीदी प्राचार्य एवंप्रधानाचार्य सहभागी हुए।



वर्ग का शुभारंभ प्रातः 7.15परवर्ग के मुख्य सचेतक श्री शुभम खींची द्वारा प्रात: स्मरण,योग, व्यायाम द्वारा करवाया गया।वर्ग संयोजक श्रीराजपाल सिंह सिसौदिया द्वारा दिनचर्या का वाचन किया गया।श्रीमती कल्पना नागदा दीदी द्वारा समस्त आचार्य/दीदीको मंत्र उच्चारण कर आहुति देकर हवन करवाया गया।वर्गप्रबंधकश्रीमुकेश पाठक (प्राचार्य केशवनगर मंदसौर) द्वाराप्रार्थना अभ्यास में प्रात: स्मरण, शांतिपाठ, संस्कृत वंदना,दीपमंत्र का अभ्यास कराया गया।अभ्यास वर्ग के प्रथम सत्र (उद्घाटन सत्र) मेंअतिथिवृंद द्वारामाँ सरस्वती , प्रणवाक्षरॐ एवंभारतमाता की प्रतिमा के सन्मुख दीप प्रज्वलन कर उद्घाटन विशिष्ठअतिथि श्रीमिलीन व्यास (व्यवस्थापक प्रो. राजेन्द्र सिंह शिक्षण समिति)श्रीनिलेश पटवा (व्यवस्थापक सीतामऊ विद्यालय )अध्यक्षता श्रीराजपाल सिंह सिसोदिया (वर्ग संयोजक ), विशेष अतिथि-श्रीप्रमोद सेठिया ( सदस्य प्रो. राजेन्द्रसिंह शिक्षण समिति ), श्री अक्षय जी घाटिया (सह कोषाध्यक्ष सीतामऊविद्यालय ) मुख्य अतिथि द्वाराआचार्य परिवार से भैया बहिनों के विकास मेंआचार्य की भूमिका विषय पर चर्चाकरतेहुए मार्गदर्शन किया कि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करना हैतो हमें सर्व प्रथम हमारा विकास करना आवश्यक है। अतिथि परिचय वर्ग संयोजक श्रीराजपाल सिंह सिसोदिया (प्रधानाचार्य अभिनन्द ननगर ) व वर्ग शिक्षण प्रभारीश्री रोहित जैन (प्रधानाचार्य सीतामऊ) द्वारा करवाया गया। अतिथि स्वागत केशव नगर विद्यालय की दीदी सुश्री शीतल बेहरा एवं अभिनन्दन नगरविद्यालय की दीदीसुश्री पूनम करंजिया द्वारा किया गया। अमृत वचन सुश्री श्रद्धा मालवीय (अभिनन्दन नगर ) एवं व्यक्तिगत गीत सुश्री सोनाक्षीराठौर (सीतामऊ) द्वारा प्रस्तुत किया गया। संचालन श्रीमती अंतिमबाला शर्मा (केशवनगर विद्यालय) द्वाराकियागया।

## नपा द्वारा मच्छरों की रोकथाम हेतु दवाईयों का किया जा रहा है छिड़काव

**मंदसौर, 26 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** नगरपालिका परिषद के द्वारा वर्षा ऋतु में मच्छरों से होने वाली बीमारियों जैसे मलेरिया, डेंगू आदि की रोकथाम हेतु लगातार प्रयास किये जा रहे है। नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर, सीएमओ श्रीमती अनिता चोकटिया, स्वास्थ्य समिति सभापति दीपमाला रामेश्वर मकवाना के निर्देश पर प्रतिदिन विभिन्न वार्डों में मच्छरों की रोकथाम हेतु स्प्रे के माध्यम से दवाई का छिड़काव किया जा रहा है। साथ ही फागिग मशीन के द्वारा प्रतिदिन विभिन्न स्थानों पर धुआं करते हुए मच्छरों की रोकथाम की दवाई का छिड़काव किया जा रहा है कल वार्ड नं. 1 किटयानी क्षेत्र, वार्ड नं. 40 अयोध्या बस्ती एवं वार्ड नं. 3 कोठारी कॉलोनी में दवाई का छिड़काव किया गया।

## उपजैल जावद में आध्यात्मिक शिविर सम्पन्न

**नीमच, 26 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** उप जेल जावद में शुक्रवार को मैत्रीबोध परिवार ,कर्जत, महाराष्ट्र द्वारा बंदियों के लिए आध्यात्मिक शिविर आयोजित किया गया। शिविर में शांतिक्षेत्र प्रेमगिरी आश्रम के मैत्रेय दादाश्री की प्रेरणा से बंदियों के भीतर प्रेम, ज्ञान और मित्रता को जागृत करने मैत्रीसंबोध ध्यान एवं प्रवचन किए गए। मैत्रीबोध परिवार से मैत्री वंदना जी, नलिनी जी , मृदुला जी, और मित्र फ़लक्ष द्वारा प्रार्थना एवं खुद स्वस्थ रखने की विधि बताई गई। अपने मन की हर बात एक दूसरे से साझा कर, आंतरिक शान्ति और राहत प्राप्त करने का आग्रह किया गया। इस मौके पर सहायक जेल अधीक्षक डॉ अंशुल गर्ग ने सभी का आभार व्यक्त किया।



## सांदीपनि स्कूल साबाखेड़ा में पर्यावरण संरक्षण कार्यशाला संपन्न



**मंदसौर, 26 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** नवनिर्मित सांदीपनि स्कूल साबाखेड़ा में पर्यावरण प्रेमी श्री अजय डांगी और चन्दा डांगी द्वारा पौधरोपण के साथ पर्यावरण संरक्षण कार्यशाला में छात्र-छात्राओं को पुराने अखबारों से पेपर बैग बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। सिंगल यूज़ प्लास्टिक के दुष्प्रभावों से निजात पाने के लिए विकल्प के तौर पर पेपर बैग के अलावा कपड़े की थैली, पुराने टी-शर्ट/बनियान से थैली तथा रूमाल को थैली नुमा रूप देकर अभिनव प्रयोगों ने छात्र-छात्राओं का मनमोह लिया। इस कार्यशाला की विशेषता उनकी सात वर्षीय नातिन आर्या डुंगरवाल रही जो दुबई में स्टार इंटरनेशनल स्कूल में पढ़ती है तथा उसके स्कूल में प्लास्टिक बॉटल के लिए रिसाइकिल बिन तथा सिंगल यूज़ प्लास्टिक के विकल्प उपयोग करने पर जोर दिया जाता है। आर्या ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को सम्मान स्वरूप बॉलपेन भी भेंट किये। इसके पूर्व स्कूल प्रांगण में पांच नीम के पौधे और पपीते के बीजों को छात्र-छात्राओं और स्कूल स्टाफ ने लगाकर पौधरोपण किया। चन्दा डांगी ने बताया कि विद्यार्थियों को वार्षिक परीक्षा के पूर्व मीठे पपीते खाने को मिल सकेंगे। इस अवसर पर स्कूल प्राचार्य श्री दिलीप सिंह डाबी ने छात्र-छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण के लिए हर संभव प्रयास करने की अपील की तथा इस कार्यशाला के लिए डांगी दम्पति को धन्यवाद ज्ञापित किया इको क्लब गतिविधि के अंतर्गत सेव डॉल्फिन कार्यक्रम में डॉल्फिन मछली किस तरह मनुष्य की सहायता करती है उसे बचाना चाहिए इको क्लब प्रभारी श्रीमती चेतना पोरवाल ने बताया और डॉल्फिन की रक्षा करने की शपथ दिलाई आभार प्रधानाध्यापक श्री रतनलाल चौहान ने माना।

# वैश्य महिला इकाई द्वारा तीज उत्सव मनाया

**मंदसौर, 26 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** लगी आज सावन की फिर वो झड़ी है सावन का महीना है पवन करे शोर आया सावन झूम के ओ आया सावन जैसे सावन के गीतों की धुनों पर डांसिंग परफॉर्मेंस के साथ ही गीतों एवं कविताओं की मनमोहक प्रस्तुतियो के साथ वैश्य महासम्मेलन जिला महिला इकाई द्वारा सावन तीज उत्सव का आयोजन तेलिया तालाब पिकनिक स्पॉट पर किया गया। ओर हरियाली महोत्सव के तहत पौधरोपण कर पर्यावरण को बचाने का संकल्प भी लिया गया। वैश्य महासम्मेलन जिला महिला इकाई प्रभारी श्रीमती भारती अग्रवाल ने कहा कि सावन तीज का भारतीय संस्कृति में बड़ा महत्व है विशेषकर महिलाओं के लिए यह प्रमुख त्यौहार होता है। आपने कहा वैश्य महिला इकाई द्वारा जिलेभर की तहसील इकाइयों का भ्रमण कर वहां भी इस प्रकार से त्यौहार मनाने हेतु प्रेरित किया जाएगा। जिलाध्यक्ष श्रीमती श्वेता अग्रवाल ने कहा कि हम सभी बहिनों को हमारी महिला इकाई को आगे बढ़ाने में सहयोग करना चाहिए। सावन तीज संयोजक श्रीमती रानी अग्रवाल ने कहा कि सनातन संस्कृति और परंपरा में हमारे सभी त्योहारों का अपना एक महत्व होता है। तीज महोत्सव में समय पर आने वाली बहनों का लकी ड्रा भी निकाला गया जिसे अंजू मित्तल ने प्राप्त किया। तीज थीम पर गेम भी खेले गए जिसमें प्रथम प्रभा गुप्ता, द्वितीय भारती अग्रवाल और तृतीय अर्चना गोयल रही। तीज उत्सव में वैश्य महासम्मेलन मंदसौर तहसील प्रभारी रंजना जैन, तहसील अध्यक्ष रचना पोरवाल ,प्रभा गुप्ता, ममता मोदी ,अंजू मित्तल, अर्चना गोयल, कविता अग्रवाल, पिंकी गोयल ,सुनीता अग्रवाल, रितु अग्रवाल ,स्वाति विनायका, कविता ओझा सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति उपस्थित थी। कार्यक्रम का संचालन भारती अग्रवाल ने किया। तीज उत्सव गेम रानी अग्रवाल ने करवाये और आभार श्वेता अग्रवाल ने माना।



# कारगिल विजय दिवस पर देशभक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रम सम्पन्न

**पिपलियामंडी, 26 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** शासकीय महाविद्यालय पिपलिया में शनिवार को कारगिल विजय दिवस की 25 वीं वर्षगांठ पर एक भावपूर्ण एवं प्रेरणादायी कार्यक्रमों की शुरुआत हुई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को भारतीय सेना के शौर्य, बलिदान और राष्ट्रीय एकता की भावना से अवगत कराना रहा। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया। कार्यक्रम की शुरुआत कारगिल युद्ध पर आधारित एक शॉर्ट मूवी से हुई, जिसमें 1999 में पाकिस्तान के साथ हुए युद्ध की वीरगाथा को मार्मिक तरीके से प्रस्तुत किया गया। फिल्म में कैप्टन विक्रम बत्रा, लेफ्टिनेंट संदीप उन्नीकृष्णन, सूबेदार योगेंद्र सिंह यादव जैसे शहीदों की बहादुरी और बलिदान को दर्शाया गया, जिसे देखकर छात्र-छात्राएं भावविभोर हो उठे। अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य आरके श्रीवास्तव ने कहा 26 जुलाई 1999 को भारतीय सेना ने ऑपरेशन विजय के अंतर्गत पाकिस्तान द्वारा कब्जाई गई चोटियों को मुक्त कर देश की अखंडता की रक्षा की थी। यह दिन वीरता, बलिदान और राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक है। हम सभी को अपने जवानों पर गर्व है जिन्होंने सीमाओं की रक्षा के लिए सर्वोच बलिदान दिया।इस अवसर पर प्रोफेसरगण डीसी बोरीवाल, चन्द्रकला चौहान, निशा जाटिया, कन्हैयालाल लौहार, गोविन्द तंवर, विजय शर्मा, देवीलाल बामनिया, ममता चौहान सहित महाविद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। समापन पर राष्ट्रगान के साथ शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

## पत्नी को पीटा, प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 26 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** पत्नी के साथ मारपीट करने वाले पति पर पुलिस ने केस दर्ज किया। लसुडी तंवर हाल मुकाम सीतामउ फाटक मंदसौर निवासी कृष्णाबाई पति वीरेन्द्र बामनिया ने नारायणगढ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि मैंने आठ माह पूर्व वीरेन्द्र से प्रेम विवाह किया था। लेकिन वीरेन्द्र शराब पीकर झगड़ा करता था। इसी कारण मैं अपने पिता के यहां गांव बादपुर आ गई थी। लेकिन वीरेन्द्र बादपुर आया और जबरन ले जाने की कहा। मैंने मना किया तो गाली-गलौज कर मारपीट की। पुलिस ने वीरेन्द्र पर केस दर्ज किया।

## झगड़ा होने पर समझाने गए युवक को पीटा

**पिपलियामंडी, 26 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** दो भाईयों का झगड़ा होने पर समझाने गए युवक को पीटा। पुलिस ने केस दर्ज किया। नापाखेड़ा निवासी रचना पति मुकेश बागरी ने नाहरगढ़ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि पति मुकेश के साथ पीहर गई थी। वहां दो भाई शांतिलाल बागरी व नरसिंह बागरी झगड़ा कर रहे थे। जिन्हें मेरा पति समझाने गया तो दोनों ने गाली-गलौज कर मारपीट की व पत्थर की सिर पर मारी, जिसे खून निकलने लगा। पुलिस ने दोनों पर केस दर्ज किया।

## घर के बाहर बैठने की बात पर मारपीट

**पिपलियामंडी, 26 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** घर के बाहर बैठने की बात पर मारपीट करने के मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया। बाजखेड़ी निवासी मोहनलाल सूर्यवंशी ने नाहरगढ़ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि मेरी पत्नी घर के बाहर ओटले पर बैठी थी। इसी दौरान गावं का मंगलेश मेहतर आया और बोला कि घर के बाहर मत बैठ और गाली-गलौज करने लगा। मैंने उससे बात की तो मेरे साथ लात-घुसों से मारपीट की।

# मनुष्य ही नही,वरन देवता व भगवान गोविंद को प्रदान करने वाली है गौ माता-पं.पुरोहित

**मनासा, 26 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** किसी के दु:ख में अगर हमे दु:ख नही होता है, किसी की खुशी में हमे खुशी नही होती है तो, हमारे अंदर ईश्वर के प्रति सच्ची भक्ति नही है। जीवन मे अगर केवल सुखों को भोगते ही रहे तो, जीवन मे रस नही रहेगा। उक्त बात कुकडेश्वर पटवा मांगलिक भवन में आयोजित दो दिवसीय हरि हर गौ प्रेम कथा के प्रथम दिवस में कथा व्यासपीठ से पंडित राकेश जी पुरोहित (चित्तौड़गढ़) ने बताते हुए कहा कि जगत जननी, पूज्य, सर्वेश्वरी, तीर्थमयी, आरोग्यमयी गौमाता है।जिसने मनुष्य ही नही वरण देवता व भगवान गोविंद को प्रदान किया है। गौमाता का घर आंगन में होना ही, हमारे जीवन से दु:खो का निवारण है। गौ सेवा ही प्रभु सेवा है।



कुकड़ेश्वर नगर में प्रथम बार अरावली गौ शाला व गौ भक्तों द्वारा नगर सहित क्षेत्रवासियों के सहयोग से आयोजित दो दिवसीय हरि हर गौ प्रेम कथा दिनांक 26 व 27 जुलाई को दोपहर 12 बजे से सांय 4 बजे तक प्रसारित हो रही है। राजस्थान के चित्तौड़गढ जिले के प्रशासनिक अधिकारी व संत, पंडित राकेश जी पुरोहित द्वारा देशभर में लगभग 200 से अधिक नि:शुल्क कथाएं की जा चुकी है। कुकडेश्वर में 26 जुलाई को सुबह 10 बजे पंडित राकेश जी पुरोहित का आगमन हुआ। उन्होने गौभक्तो के साथ नगर के राजाधिराज भगवान श्री सहस्त्र मुखेश्वर महादेव के दर्शन करते हुए, कथा स्थल पर पहुंचे। गौ सेवा हेतु समर्पित व अरावली गौशाला के नि:स्वार्थ भाव से तन मन व धन से सहयोग करने वाले गौभक्त सोनू शास्त्री जिन्होंने गौशाला में लगभग 2 लाख 51 हजार रु का सहयोग पूर्व में किया व 21 हजार रु का सहयोग कथा स्थल पर किया। इतनी बड़ी गौ भक्ति से प्रभावित होकर पंडित राकेश जी पुरोहित ने सोनू शास्त्री को गले लगाते हुए गुलाब के फूलों की पुष्पवर्षा कर सम्मान किया। वंही अरावली गौ शाला में 21 हजार रु सहयोग करने वाले दिनेश बैरागी, कैलाश राठौर, जुगलकिशोर व्यास, सुंदर लक्ष्मी मेमोरियल ट्रस्ट तलाऊ, लक्ष्मी पुरुषोत्तम सुतार भीलवाड़ा व 11 हजार का सहयोग करने वाले राधेश्याम डांगी (थाना प्रभारी - पुलिस थाना रामपूरा), 5 हजार का सहयोग करने वाले धर्मेंद्र चंदेल फुलपुरा व 3 हजार 500 रु का सहयोग करने वाले तेजमल गुर्जर का व्यासपीठ से दुपट्टा व पुष्पमाला पहनाकर सम्मान किया गया। 27 जुलाई को सुबह 8 बजे पंडित राकेश जी पुरोहित व गौ भक्तों द्वारा अरावली गौशाला में पहुंचकर, गौमाता के दर्शन करते हुए, गौशाला में गौमाता पूजन किया जाएगा। ततपश्चात 27 जुलाई को दिवसिय व अंतिम दिवस की गौकथा दोपहर 12 बजे से प्रारम्भ होगी। गौभक्तो व गौ सेवको ने समस्त जन से अपील की है कि आप गौ प्रेम कथा में सपरिवार पधारकर, धर्मलाभ ले।

# झमाझम बारिश में नवांकुर सखियों की उपस्थिति में हुआ पौधारोपण

## मप्र जनअभियान परिषद के निर्देशन में नवांकुर संस्था ने निकाली कलश एवं हरियाली यात्रा, प्रत्येक सखी को 11 पौधों का वितरण किया

**सीतामऊ/ मंदसौर, 26 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद के निर्देशन में नवांकुर संस्था नाटाराम प्रगतिशील विकास समिति द्वारा सेक्टर क्रमांक 1 के आदर्श ग्राम नाटाराम मे स्वच्छता के आधार पर महिला द्वारा पर्यावरण शिक्षण संरक्षण नवांकुर सखी हरियाली यात्रा का आयोजन किया गया।



जिसमें झमाझम बारिश में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक हरदीपसिंह डंग द्वारा बिलपत्र, आम, जामुन, सीताफल तुलसी के पौधे नवांकुर सखीयों के साथ मिलकर लगाये गये। कलश यात्रा एवं पौधारोपण में मुख्य अतिथि सुवासरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक हरदीप सिंह डंग के साथ ही जनपद सदस्य प्रतिनिधि गणपत राजू जाट, पूर्व सरपंच राधेश्याम जाट, भेरूलाल गुर्जर, मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के विकासखंड समन्वयक नारायणसिंह निनामा, परामर्शदाता हरिओम गंधर्व, हेमंत गौङ विशेष उपस्थिति थे। विधायक हरदीपसिंह डंग ने कहा कि पर्यावरण को संतुलित बनाने के लिए मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद एवं नवांकुर संस्था नाटाराम प्रगतिशील विकास समिति द्वारा किए गए कार्य प्रशंसनीय है। साथ ही अधिक से अधिक महिलाओं की भागीदारी होने से कार्यक्रम सफल हुआ है। ग्वाल बाल मंदिर पर युवाओं द्वारा किए गए पौधारोपण की भी विधायक द्वारा प्रशंसा की गई। इस अवसर पर जनपद सदस्य प्रतिनिधि राजू जाट ने कहा कि सामाजिक क्षेत्र में नवांकुर संस्था द्वारा किया गये कार्य प्रशंसनी है। साथ ही अधिक से अधिक पौधारोपण हमें करना चाहिए। विकासखंड समन्वयक नारायणसिंह निनामा द्वारा नवांकुर सखी हरियाली यात्रा के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं द्वारा भाग लेकर भजन कीर्तन किए गए। सभी महिलाओं को विधायक द्वारा पौधे भेंट किए गए। साथ ही एक नवांकुर सखी को 11-11 पौधे के दिये गये। संचालन हरिओम गंधर्व किया। आभार नारायणसिंह निनामा ने माना। कार्यक्रम मे नंदलाल माली, भारत जाट, विशाल जाट ,गोपाल जाट, अर्जुन जाट, शोभाराम गंधर्व ,राहुल गंधर्व ,जितेंद्र गंधर्व, ईश्वर माली ,प्रभुलाल माली, राधेश्याम मालवीय, श्यामलाल धनगर,अशोक गंधर्व,पुष्कर गंधर्व, पवन गुर्जर , दयाराम मालवीय, पंकज माली, नंदकिशोर माली, विरमलाल धनगर, राहुल पाटीदार, वासुदेव शर्मा, कैलाश शर्मा, संपतबाई पाटीदार ,धारणा गंधर्व, कविता शर्मा , मैना माली, टम्मा माली , पुष्पा सेन, तुलसी प्रजापत ,निशा गोङ, निकिता गंधर्व,सावित्री जाट, अनुसूईया सहित अनेक माता बहनें एवं युवा जन उपस्थित थे।




# सभी एंबुलेंस मानक स्तर पर चले, दुर्व्यवहार न करें-सांसद

## सांदीपनि विद्यालयों की बसों का भुगतान कर तुरंत बसों को व्यवस्थित संचालित कराए, जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक संपन्न

**मंदसौर, 26 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** सांसद श्री सुधीर गुप्ता की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक जिला पंचायत सभागार में आयोजित की गई। बैठक के दौरान कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती दुर्गा विजय पाटीदार, सीईओ जिला पंचायत श्री अनुकूल जैन, सुवासरा विधायक श्री हरदीप सिंह डंग, मंदसौर विधायक श्री विपिन जैन, डीएफओ श्री संजय रायखेरे, श्री राजेश दीक्षित, श्री नानालाल अटोलिया, श्रीमती गोस्वामी सहित समिति सदस्य मौजूद थे।

बैठक के दौरान स्वास्थ्य विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि, सभी एंबुलेंस मानक स्तर पर चले, एंबुलेंस संचालक मरीजों एवं परिजनों के साथ दुर्व्यवहार न करें। सभी एंबुलेंस सभी तरह की सुविधा के साथ चले। इस बात का विशेष तौर पर ध्यान रखा जाए। नसबंदी कार्यक्रम को पंचायत स्तर पर ले जाए। इसका व्यापक प्रचार-प्रसार हो। संस्थागत प्रसंग अंतर्गत प्राइवेट अस्पतालों में ऑपरेशन से होने वाली डिलीवरी सरकारी अस्पताल की तुलना में बहुत ज्यादा होती है, इसके लिए संवाद कर बैठक आयोजित करें तथा परिणाम पर काम करें। कोई भी मरीज मंदसौर की सीमा से बाहर रेफर न हो, इसके लिए सुविधाओं में विस्तार करें। सभी मरीजों को मंदसौर में ही डायलिसिस की सुविधा मिले। इसके लिए प्रयास करें। मरीज को सुविधा देना हमारा धर्म है, इस पर काम करें। जिला अस्पताल में रखी मशीनें जिनका कोई उपयोग नहीं हो रहा है, उनकी सूची बनाकर रिपोर्ट भेजें। टीबी मुक्त भारत अभियान अंतर्गत जिले में 141 पंचायत के विरुद्ध 148 पंचायत को टीबी मुक्त किया गया इसके लिए सांसद श्री गुप्ता ने स्वास्थ्य को शुभकामनाएं प्रदान की। शिक्षा विभाग को निर्देश दिए गए कि, सांदीपनि विद्यालयों की बसों का भुगतान कर, तुरंत बसों को व्यवस्थित संचालित कराए। बसों को लेकर बच्चों को किसी प्रकार की परेशानी ना हो, सभी समस्याओं का निराकरण करें। सांदीपनि विद्यालय के सभी स्कूलों में बच्चों को समान मात्रा में प्रवेश देवे। अधिक से अधिक बच्चों को शैक्षणिक लाभ दिलाए। स्कूलों के जर्जर भवनों के सर्वे के लिए सीईओ जिला पंचायत कमेटी गठित करें। कमेटी में इंजीनियर को भी शामिल करें। कितने भवन जर्जर हैं इसकी तुरंत रिपोर्ट प्रस्तुत करें। बच्चों को जर्जर भवनों में नहीं बिठाए। सुवासरा विधानसभा क्षेत्र के गांव बड़ोद में स्कूल भवन के स्वीकृत होने एवं निर्माण कार्य के लिए टेंडर नहीं होने के संबंध में जांच कमेटी गठित कर जांच कर उचित कार्यवाही करें।

**जल निगम की कार्यों की जांच हेतु सीईओ जिला पंचायत कमेटी गठित करें**-सांसद श्री गुप्ता ने निर्देश दिए कि जल निगम के निर्माण कार्यों की जांच के लिए सीईओ जिला पंचायत कमेटी गठित करें। कमेटी यह देखेगी की जल निगम ने भारत सरकार की मंशानुरूप काम किया या नहीं, इसके साथ ही स्थल चयन, लाइन डालना, खुदाई, पाइपलाइन की गहराई इत्यादि कामों का अवलोकन कर जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। सरकार का सपना है कि हर घर को पानी मिले। उक्त कार्य में लापरवाही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**मंडी सचिव पोस्ता दाना के क्रय विक्रय हेतु मंदसौर में मंडी निर्माण पर कार्य करें**-सांसद ने मंडी सचिव को निर्देश देते हुए कहा कि मंदसौर में पोस्ता दाना विक्रय हेतु मंडी का निर्माण हो इसके लिए कार्य किया जाए और विशेष बैठक आयोजित की जाए। उद्यानिकी फसलों की लिए भी मंडी का प्लान बनाया जाए। इस पर भी रणनीति तैयार करें। अलग से लहसुन मंडी के निर्माण के लिए प्रस्ताव तैयार करें। दलोदा मंडी में अतिरिक्त भूमि के आवंटन की प्रक्रिया का निराकरण करें।

**आबकारी विभाग शराब की दुकानों के बाहर निर्मित अहातों को बंद करवाए**-आबकारी विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि मंदसौर शहर में अवैध शराब की बिक्री पर लगातार कार्यवाही करें। शराब की दुकानों के बाहर लोग पंडाल लनाकर न बैठे, दुकानों के बाहर निर्मित अहातों पर रोक लगाए।

**नगर पालिका कुत्तों के लिए कुत्ता बाढ़ा बनवाए**-नगर पालिका को निर्देश दिए गए की शहर में विचरण करने वाले निराश्रित मवेशियों को गौशाला में छोड़े। इसके साथ ही निराश्रित कुत्तों के लिए प्लान बनाए। निराश्रित कुत्तों के लिए कुत्ता बाढ़ा निर्मित करें। प्राइवेट प्लाटों में कचरा एकत्रित न होने दे, ऐसे लोग जो प्राइवेट प्लाटों में कचरा करते है, प्लाटों की साफ-सफाई नहीं करते हैं उनको नोटिस जारी करें। सांसद संवाद प्रोग्राम को गांव स्तर पर ले जाएंगे, इसके लिए सभी विभाग कार्य करें। माह में एक दिन गांव में पहुंचकर आम लोगों से सीधे संवाद किया जाएगा। कृषि विभाग को निर्देश दिए गए की खाद की कमी ना हो इसके लिए समय-समय पर रैक प्वाइंट लगवाएं।

# नकाबपोश चोर टॉर्च की रोशनी में ढूंढते रहे सूने मकान

## चार मकानों व गोदाम में लगाई सेंध, एक घर से नकदी-ज्वेलरी पर किया हाथ साफ

**पिपलियामंडी, 26 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** नगर में वार्ड 3 स्थित बस स्टैंड के समीप शगुन गार्डन व गायत्री नगर में शनिवार तड़के चोरी की वारदातों से सनसनी फैल गई। एक ही रात में तीन नकाबपोश चोर बाइक पर सवार होकर पहुंचे और टॉर्च की रोशनी में सूने मकानों की तलाश करते हुए चार घरों और एक गोदाम के ताले चटकाए। चोरों की हरकतें क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई हैं, जिनमें वे मोहल्ले में घूमते, टॉर्च से मकान जांचते और चोरी की कोशिश करते साफ नजर आ रहे हैं। चोरों ने वारदात को अंजाम देने से पहले इलाके के लगभग 10 मकानों के बाहर से सांकलें लगा दी ताकि अंदर के लोग बाहर न निकल सकें और उन्हें चोरी में कोई बाधा न आए। लेकिन मोहल्ले के कुछ सतर्क नागरिकों की नींद खुल गई और जब उन्होंने बाहर निकलने की कोशिश की, तो उन्हें दरवाजे बंद मिले। शोरगुल बढ़ने पर चोर बाइक पर सवार होकर फरार हो गए। शगुन गार्डन क्षेत्र में चोरों ने रमेश माहेश्वरी के सूने मकान और किराना व्यापारी सुनील घाटिया के गोदाम के ताले तोड़ डाले। वहीं ज्वेलर्स मुकेश सोनी के घर में भी घुसने की कोशिश की गई, लेकिन उनकी जागरूकता के चलते चोर सफल नहीं हो सके। इसके अलावा गायत्री नगर में चोरों ने प्रभात खरे के मकान को निशाना बनाया। खरे परिवार उस समय घर पर नहीं था। सुबह लौटने पर उन्हें पता चला कि सेफ में रखे करीब 30 हजार रुपये मूल्य के सोने-चांदी के जेवरात और 5 हजार रुपये नकद चोरी हो गए हैं। पास ही एक अन्य मकान का भी ताला टूटा मिला, लेकिन वहां से कोई सामान चोरी नहीं हुआ। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है। फुटेज में तीनों चोर बाइक पर सवार, चेहरे पर नकाब और हाथ में टॉर्च लिए मकानों की तलाश करते नजर आ रहे हैं। पुलिस का कहना है कि तकनीकी साक्ष्य और फुटेज के आधार पर जल्द ही आरोपियों की पहचान कर गिरफ्तारी की जाएगी। इधर एक साथ चोरी वारदातों को लेकर क्षेत्र के रहवासी खासे चिंतित हैं। उन्होंने पुलिस से रात में गश्त बढ़ाने, संदिग्धों पर नजर रखने और सुरक्षा उपायों को और सख्त करने की मांग की है।

**बाड़े में बंधी 2 भैंस चोरी व चिल्लौद पिपलिया में बाड़े से दो भैंस चोरी:**-क्षेत्र में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। अब चोरों ने मवेशियों को भी निशाना बनाना शुरू कर दिया है। मामला बूढ़ा चौकी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव चिल्लौद पिपलिया का है, जहां बीती रात्रि अज्ञात चोर रमेश खारोल के बाड़े में बंधी दो भैंसों को चुरा ले गए। रमेश खारोल रोज की तरह रात में अपने बाड़े में भैंसों को बांधकर सोने चले गए थे। लेकिन जब वे शनिवार सुबह उठे और बाड़े में पहुंचे, तो उन्होंने देखा कि वहां बंधी दोनों भैंसे गायब थीं। इसके बाद उन्होंने आसपास तलाश की लेकिन कहीं कुछ सुराग नहीं मिला। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मुआयना किया। ग्रामीणों से पूछताछ की गई और क्षेत्र में सक्रिय बदमाशों को लेकर जानकारी जुटाई जा रही है।

# नपाध्यक्ष ने निर्माणाधीन पुलिया का कार्य 02 अगस्त तक पूर्ण करने के निर्देश दिये



**मंदसौर, 26 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर ने शनिवार को खानपुरा क्षेत्र वार्ड नं. 31 में पहुंचकर राजीव कॉलोनी के समीप नपा के द्वारा बनाई जा रही पुलिया एवं भगवान श्री पशुपतिनाथ महादेव की राजसी (शाही सवारी) के परम्परागत मार्ग का निरीक्षण किया और निर्माणाधीश पुलिया के ठेकेदार को 2 अगस्त 2025 तक समस्त कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर, नपा सीएमओ श्रीमती अनिता चौकोटिया, नपासभापतिगण श्रीमती दीपमाला रामेश्वर मकवाना, निलेश जैन, क्षेत्रीय पार्षद श्रीमती माया भावसार, पार्षद श्रीमती भावना जयप्रकाश पमनानी, कमलेश सिसौदिया, आशीष गौड़, श्रीमती सुनीता भावसार, सामाजिक कार्यकर्ता मनीष भावसार, राकेश भावसार, भाजपा पूर्व जिला मंत्री हिम्मत डांगी, पूर्व नपा उपाध्यक्ष श्री सुनील जैन महाबली, पार्षद प्रतिनिधि नंदलाल गुजरिया, रामेश्वर मकवाना, बब्बु पमनानी, युसुफ गौरी, कन्हैयालाल सोनगरा, नपा उपयंत्री रोहित कैथवास सहित कई गणमान्य नागरिकगण भी उपस्थित थे। निरीक्षण के अवसर पर खानपुरा क्षेत्र के नागरिकों ने भगवान श्री पशुपतिनाथ महादेव की राजसी (शाही) सवारी का मार्ग परम्परानुसार रखने हेतु राज्यसभा सांसद श्री गुर्जर, नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी गुर्जर से आवश्यक चर्चा की। चर्चा के बाद नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर ने कहा कि खानपुरा वार्ड नं. 31 में जो पुलिया बनाई गई है उसका कार्य 2 अगस्त तक पूर्ण हो जायेगा। ऐसे में शाही सवारी का मार्ग परम्परागत रूप से जो कई वर्षों र्से है यदि वह निर्धारित होता है तो नपा समय से पूर्व इस मार्ग की जो भी तैयारियां है वह पूर्ण कराने को तैयार है।

### छात्रवृत्ति के आवेदन 20 अगस्त तक आमंत्रित

**मंदसौर, 26 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** म.प्र. स्लेट पेन्सिल कर्मकार - कल्याण मण्डल सचिव ने बताया कि म.प्र. स्लेट पेन्सिल कर्मकार कल्याण मण्डल, मंदसौर द्वारा प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष 2025-26 हेतु मंदसौर जिले के स्लेट पेन्सिल उद्योगों में कार्यरत श्रमिकों एवं सिलिकोसिस बीमारी से पीड़ित/विधवा सहायता प्राप्त महिलाओं एवं सिलिकोसिस बीमारी से मृत श्रमिकों के नियमित अध्ययनरत (केवल दो बच्चों) को मण्डल से अध्ययन हेतु प्रदाय की जाने वाली छात्रवृत्ति के आवेदन-पत्र मण्डल कार्यालय से कार्यालयीन समय में 1 जुलाई 2025 से 20 अगस्त 2025 तक की अवधि में वितरित किये जावेंगे तथा उक्त अवधि में ही भरे हुए आवेदन पत्र भी जमा किये जावेंगे।

समस्त पात्र छात्र/छात्राओं के छात्रवृत्ति के आवेदन-पत्र निर्धारित दस्तावेजों सहित पूर्ण कर पालकगण 20 अगस्त 2025 तक मण्डल कार्यालय में अनिवार्य रूप से जमा करावें। अंतिम दिनांक पश्चात कोई भी आवेदन-पत्र मान्य नहीं किया जावेगा।

### ***** सफलता की कहानी *****

# पीएमएफई योजना से लाभावित युवा किसान विशाल पाटीदार द्वारा खाद्य तेल प्रसंस्करण लघु उद्योग स्थापित

## प्रतिमाह तीस हजार रूपये आय प्राप्त कर रहे है युवा किसान, ग्रामीणों को मिल रही है खाद्य तेल एवं खली की सुविधा

**नीमच, 26 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के तहत नीमच विकासखण्ड के ग्राम केलुखेड़ा के युवा किसान विशाल पाटीदार 3.45 लाख रूपये का ऋण लेकर खाद्य तेल प्रसंस्करण लद्यु उद्योग स्थापित कर प्रतिमाह 30 हजार रूपये की कमाई कर आत्मनिर्भर बन गए है।



युवा किसान श्री विशाल पाटीदार ने हर्कियाखाल चौराहे पर बालाजी लद्यु उद्योग के नाम से अपना स्वयं का खाद्य, तेल प्रसंस्करण लद्यु उद्योग स्थापित किया है।उद्यानिकी विभाग ने उन्हे योजना के तहत 3.45 लाख का ऋण उपलब्ध करवाया है। इस पर शासन द्वारा उन्हे 1.21 लाख रूपये की राशि अनुदान के रूप में प्रदान गई है।युवा किसान केलुखेड़ा निवासी श्री विशाल पाटीदार अपने इस खाद्य तेल प्रसंस्करण उद्योग के माध्यम से मूगफली,सोयाबीन एवं अन्य तिलहन का प्रसंस्करण कर तेल निकालकर फिल्टर तेल ग्रामीणों को बाजार से कम मूल्य पर उपल्ब्ध करा रहे है। इस कार्य के लिए उन्हे अच्छा मुनाफा मिल रहा है, साथ ही तेल निकालने के बाद उन्हे खली के रूप में अच्छी गुणवत्ता की खली(पशु आहार) भी मिल रहा है। इसका भी उन्हे अच्छा दाम मिल रहा है। बिजली बिल का भुगतान एवं अन्य खर्च निकालने के बाद विशाल पाटीदार प्रतिमाह 20 हजार रूपये की शुद्व आय प्राप्त कर रहें है। उनका यह लद्यु उद्योग सफलता पूर्वक संचालित हो रहा है इससे क्षेत्र के ग्रामीणों को स्थानीय स्तर पर खाद्य तेल एवं खली उपलब्ध होने से ग्राहकों की संख्या भी बढने लगी है। श्री विशाल पाटीदार ने पीएमएफई योजना की बदौलत अपने आप को एक सफल उद्यमी के रूप में स्थापित कर लिया है। अब वे आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर भी बन गए है। कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने शुक्रवार को हर्कियाखाल चौराहे पर युवा किसान उद्यमी श्री विशाल पाटीदार द्वारा लगाए गये श्री बालाजी खाद्य, तेल प्रसंस्करण लद्यु उद्योग का निरीक्षण कर खाद्य तेल निकालने, खाद्य तेल का फिल्टर करने की प्रकिया का अवलोकन किया और श्री पाटीदार से चर्चा का पीएमएफएमई योजना के तहत मिले ऋण,अनुदान ,मासिक आय,लाभ, विपणन प्रकिया, बिजली की खपत और लागत आदि के बारे में विस्तार से चर्चा की। कलेक्टर ने पीएमएफई योजना के तहत लाभांवित श्री विशाल पाटीदार के उद्योग को सोलर प्रोजेक्ट एवं सहकरिता से लिकेंज करने के लिए प्रोजेक्ट तैयार करने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश भी दिए है।

# सिंधू मंथन – कल, आज और कल विषय पर होगा कानूनी संवाद

## जनगणना और पंचायत प्रणाली पर सिंधी समाज को मिलेगी स्पष्ट जानकारी

**मंदसौर, 26 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** पूज्य सिंधी समाज शेक्षणिक एवं सामाजिक कल्याण समिति मंदसौर द्वारा आगामी रविवार, 27 जुलाई 2025 को प्रात: 10 बजे से सिंधु महल, लक्कड पीठा, वीर सावरकर पुलिया के पास स्थित सभागार में विशेष सामाजिक कान्फ्रेंस सिंधू मंथन – कल, आज और कल का आयोजन किया जाएगा।

यह संवाद देश में प्रारंभ हो रही जनगणना प्रक्रिया में सिंधी समाज की पहचान, अधिकार और पंचायत संबंधी व्यवस्थाओं को लेकर फैली भ्रांतियों, शंकाओं और आवश्यकताओं के समाधान पर केंद्रित रहेगा। कार्यक्रम में पूर्व न्यायाधीश एवं म.प्र. मानव अधिकार आयोग के पूर्व अध्यक्ष श्री मनोहर ममतानी तथा वरिष्ठ समाजसेवी श्री किशोर कोडवानी विशेष वक्ता के रूप में समाजजनों को कानूनी जानकारी एवं मार्गदर्शन देंगे।

# चोरी के दो आरोपियों को 01-01 वर्ष का सश्रम कारावास

**जावद, 26 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** श्रीमती शुभा रिछारिया दीक्षित, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, जावद द्वारा 3,50,000 रूपये की चोरी करने वाले दो आरोपीगण (1) सद्दाम पिता ईस्माइल, उम्र-32 वर्ष, निवासी-ईशाकाबाद, निम्बाहेडा (राजस्थान) तथा (2) सोनू शेख पिता रफीक मोहम्मद, उम्र-19 वर्ष, निवासी-पीथलवडीकलां, छोटी सादडी (राजस्थान) को धारा 379 भारतीय दण्ड संहिता, 1860 के अंतर्गत 01-01 वर्ष के सश्रम कारावास व 5000-5000 रूपये का अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

अभियोजन मीडिया सेल प्रभारी सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी रितेश कुमार सोमपुरा द्वारा घटना की जानकारी देते हुए बताया घटना दिनांक 10 जून 2024 के लगभग 12:20 बजे थाना जावद क्षैत्र में आने वाले जावद-मोरवन मार्ग स्थित चौपड़ा मिल के सामने की हैं। घटना दिनांक को फरियादी नाथुलाल ने थाना जावद में उपस्थित होकर बताया कि वह ग्राम मोड़ी से जावद मोटरसायकल से के.सी.सी. के 3,50,000 रूपए जमा कराने स्टेट बैंक, जावद आया था तो के.सी.सी. जमा कराने वाले अधिकारी ने बोला कि एक महीने बाद रूपए जमा होंगे। इस कारण वह वापस बैंक से गांव के लिए रवाना हुआ, रूपये की थैली उसने हैंडल पर टांग रखी थी, तभी पीछे से मोटरसायकल पर आरोपीगण आये और रूपयों से भरी थैली को लेकर रामपुरा दरवाजा तरफ भाग गये। फरियादी चिल्लाया तो वहां पर कई लोग आ गए जिन्होंने आरोपीगण का पीछा किया, किन्तु वह उन्हें पकड़ नहीं पाये। फरियादी की रिपोर्ट पर से एफ.आई.आर. पंजीबद्ध की गई। अपराध की प्रारंभीक विवेचना उपनिरीक्षक राजेन्द्र सिंह द्वारा की गई बाद में घटना की गंभीरता को देखते हुवे अपराध को जघन्य एवं सनसनीखेज के रूप में चिन्हित किया गया व इसकी अग्रमी विवेचना थाना प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र वर्मा द्वारा की गई। विवेचना के दौरान उनके द्वारा सीसीटीवी फुटैज को देखकर मोटरसायकल एवं हुलिये के आधार पर आरोपीगण की पहचान की गई व उनको गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी गये हुवे रूपयों को जप्त किया गया। अनुसंधान के दौरान सभी महत्वपूर्ण ईलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य जैसे सीसीटीवी फुटेज, कॉल रिकार्ड मय लोकेशन आदि को एकत्रित किया जाकर विवेचना पूर्ण कर अभियोग-पत्र जावद न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। विचारण के दौरान तत्कालिन सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी श्री योगेश कुमार तिवारी द्वारा फरियादी सहित सभी महत्वपूर्ण गवाहों के बयान कराये गये तथा अभियोग-पत्र के साथ प्रस्तुत सभी ईलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य को विचारण के दौरान साक्षीयों से प्रमाणित कराया गया। प्रकरण में अपराध की गंभीरता को देखते हुवे आरोपीगण को कठोर दण्ड से दण्डित किये जाने का निवेदन किया गया, जिस पर से माननीय न्यायालय द्वारा आरोपीगण को उपरोक्त दण्ड से दण्डित किया।

# मेडिकल स्टोर्स की अवमाननाओं के चलते मप्र फार्मेसी काउंसिल के द्वारा सूचना जारी

**मंदसौर, 26 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** एम पी फार्मासिस्ट एसोसिएशन के द्वारा मेडिकल स्टोर्स और फार्मासिस्ट उपलब्धता के चलते लगातार प्रदेश काउंसिल में पत्राचार किया जा रहा था जिसको संज्ञान में लेते हुए काउंसिल अध्यक्ष संजय जैन जी एवं रजिस्ट्रार श्रीमती भव्या त्रिपाठी द्वारा व्यवस्थाओं में सुधार हो सके इस दिशा में सूचना जारी की गई है

फार्मेसी काउंसिल की शानदार पहल निश्चित ही अब समाज हित और फार्मासिस्ट हित को ध्यान में रखते हुए कड़े कदम उठाते हुए सही दिशा में काम कर रही है जिसके परिणाम आगे सार्थक होंगे और डिस्काउंट बांटने वालो पर कार्यवाही भी सुनिश्चित होगी। एम पी फार्मासिस्ट एसोसिएशन के पदाधिकारियों द्वारा पीसीआई अध्यक्ष महोदय एवं पीसीआई रजिस्ट्रार मैडम का हार्दिक आभार व धन्यवाद प्रेषित किया गया है। साथ ही मांग करते हुए संगठन के प्रदेश अध्यक्ष श्री अमित सिंह ठाकुर जी ने कहा कि कुछ संगठन के पास रेंटेड फार्मासिस्ट की सूची है आप से आग्रह है की उनका पीसीआई सर्टिफिकेट कैंसिलेशन की भी कार्यवाही प्रस्तावित करें जिससे प्रदेश मे फर्जीवाड़ा कम हो सके। संगठन के प्रदेश महासचिव श्री अखिलेश त्रिपाठी जी ने कहा कि जानकारी प्राप्त हुई है कि स्टेट फार्मेसी काउंसिल में लगभग 83000 की संख्या में फार्मासिस्ट रजिस्टर्ड हैं परंतु एक लाख के ऊपर मेडिकल स्टोर्स संचालित किए जा रहे हैं जो कहीं ना कहीं नियम विरुद्ध संचालित किए जा रहे हैं। कंपीटिशन के चक्कर में कई मेडिकल स्टोर्स संचालक डिस्काउंट देते हुए मरीजों को ऐसी दवाएं दे रहे थे जो गुणवत्ता विहीन होने के साथ मानक स्तर पर सही नहीं थी। डिस्काउंट के चक्कर में यह कालाबाजारी करते हुए दवाओं के साथ छेड़छाड़ की जा रही थी और आम जनता को लूटा जा रहा था। जबकि ब्रांडेड दवाओं का मार्जिन 15% से 20% तक फिक्स रहता है। ड्रग कंट्रोलर को सभी जिलों के औषधि निरीक्षकों को निर्देशित करने की आवश्यकता है कि शीघ्र ही सभी मेडिकल स्टोर्स की जांच कमेटी बना कर की जाना आवश्यक है। इस संबंध में प्रदेश सचिव श्री दीपक मिश्रा जी ने कहा कि जब तक राज्य सरकार को कई बार पत्राचार करते हुए संज्ञान में लाया गया है कि दवाओं का कारोबार अरबों रुपयों का है जिसमें सरकार का कोई कंट्रोल नहीं है कोरोना काल में हेलीकॉप्टर के माध्यम से इंजेक्शन, दवाएं उपलब्ध करवाई जा रही थी इसलिए जब तक राज्य सरकार फार्मेसी संचनायल का गठन नहीं करेगी और फार्मेसी ऑफिसर के साथ साथ ड्रग इंस्पेक्टर की भर्ती नहीं करेगी तब तक प्रदेश में अवैध मेडिकल स्टोर्स एवं नशे के कारोबार पर रोकथाम नहीं लग सकती है। जिसके लिए हमने कई बार पूर्व में एवं वर्तमान में राज्य के उप मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री श्री राजेंद्र शुक्ला जी को कई बार पत्र के माध्यम से अनुरोध भी किया है। रही बात काउंसिल ने जो सूचना जारी की है उसमें फार्मासिस्ट के साथ साथ प्रोपराइटर का भी लाइसेंस आजीवन के लिए निरस्त करना चाहिए क्योंकि मेडिकल स्टोर्स संचालक के यहां 15000 रु से 20000 रु की नौकरी करने वाले फार्मासिस्ट भौतिक रूप से संचालक को डिस्काउंट नहीं देने के लिए मना नहीं कर सकते हैं इसीलिए धरातल पर निष्पक्ष रूप से काम करने की आवश्यकता है। उपरोक्त जानकारी संगठन के प्रदेश मीडिया अध्यक्ष श्री राजवीर त्यागी जी ने दी है।

# उत्तराखंड: रुद्रप्रयाग में बादल फटा, पहाड़ के मलबे में दब गए घर, केदारनाथ यात्रा बाधित, भारी बारिश से तबाही

**देहरादून, 26 जुलाई।** उत्तराखंड में भारी बारिश ने जनजीवन को अस्त व्यस्त कर दिया है। बारिश ने रुद्रप्रयाग के अलग-अलग इलाकों में भारी तबाही मचाई है। कहीं बादल फटा है तो कहीं भूस्खलन, कुदरत के इस कहर में कई घर और गाडियां जमींदोज हो गई हैं। वहीं, स्थानीय लोगों का आरोप है कि रेस्क्यू टीम भी समय पर नहीं पहुंची। अब भी इलाके में मूसलाधार बारिश हो रही है। रुद्रप्रयाग के रूमशी गांव में बादल फट गया। जिससे गांव में बाढ़ जैसी स्थित आ गई। भारी बारिश और पहाडों के दरकने से गांव वालों का घर मलबे में दब गया। लोगों ने घरों से बाहर भागकर अपनी जान बचाई। मलबे में घर और गाडियों के दबने से स्थानीय लोगों को लाखों का नुकसान हुआ है।



**घरों से भागकर लोगों ने बचाई जान**-देर रात को हुई मूसलाधार बारिश और आकाशीय बिजली की कड़कड़ाहट से जहां पूरी केदारघाटी में तेज गर्जना के साथ मूसलाधार बारिश हुई। इस दौरान रूमशी भौसाला गांव के आस पास कई गॉव में भूस्खलन के चलते लोगों के घरों में मलबा भर गया। कई गाडियां इस मलबे में दब गयी। लोगों ने किसी तरह भाग कर अपनी जान बचायी। घरों से भगते लोगों ने एक दुसरे को फोन कर बताया की बादल फट गया है। घरों पर मलबा आने लगा है, जिसके बाद गांव के लोगों ने घरों के निकलकर अपनी जान बचाई इस सब के बाद पहाडी के निचले इलाके में भी तेज बारीश का कहर शुरू हुआ। इस दौरान अगस्त्य मुनि के नीचे मौजूद पेट्रोल पंप में भी पानी और मलबा भर गया।

**जान का कोई नुकसान नहीं**-ग्रामीणों ने बादल फटने और घरों को मलबे में दबे होने की सूचना आपदा कंट्रोल रूम को सूचना भेज दी। रेस्क्यू टीम के मौके पर नहीं पहुंच पाने से गांव वाले नाराज दिखे। जान का कोई नुकसान नहीं हुआ हैं लेकिन घरों और गाडियों को काफी छति हुई है।

**आस-पास के इलाके में भी तबाही**-रुद्रप्रयाग के अलावा आसपास के क्षेत्रों में भी तेज बारिश और भूस्खलन का कहर देखने को मिला। गौरीकुंड के समीप देर रात भूस्खलन के चलते बड़े-बड़े बोल्डर पैदल मार्ग पर आ गये जिससे केदरनाथ की ओर जाने वाला रास्ता भी पूरी तरह बंद हो गया। प्रशासन ने सभी श्रद्धालुओं को सुरक्षित स्थानों पर रोक दिया है। भारी बारिश के चलते अलकनंदा समेत अन्य कई छोटी-बड़ी नदियां उफान पर है, जिसके चलते प्रशासन ने लोगों को नदी व जल धाराओं के ओर न जाने की अपील की है।

### ***** विज्ञप्ति *****

**सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम जीतेन्द्रसिंह (JITENDRA SINGH) पिता चैनसिंह राजपूत (CHENSINGH RAJPUT) है जो मेरे ड्रायविंग लायसेंस में गलती से जीतेन्द्र राजपूत (JITENDRA RAJPUT) हो गया है। जिसको सुधार हेतु परिवहन कार्यालय में प्रस्तुत किया गया है। दोनों नाम मेरे है सुधार करने की जवाबदारी मेरी होगी।**

**सूचनाकर्ता- जीतेन्द्रसिंह पिता चैनसिंह राजपूत**
**वार्ड नं.2, चिपलाना, मंदसौर (म.प्र.)**

**इंदौर के मेडिकल कॉलेज के प्रोफेसर त्वचा रोग विशेष एवं डर्मेटोलेजर सर्जन**

**डॉ. परीक्षित शर्मा**

एम.डी. (स्कीन)

**रविवार 27 जुलाई को सुबह 9 से दोपहर 2 बजे तक उपलब्ध रहेंगे।**

सुविधाएं-* चेहरे के कील-मुहासे, चोट व चेहरे के निशान, ऑखों के नीचे कालापन, चेहरे व हाथों का कालापन, * एक्जीमा, सोरियासिस, सफेद दाग का इलाज व सर्जरी, * शरीर पर तिल व मस्सों (Warts) को मशीन द्वारा हटाना, * गर्भावस्था में होने वाले स्ट्रेचमार्क्स की चिकित्सा, * असमय झड़ते बालों का आधुनिक पद्धति से ईलाज, * शरी पर टेटू (गोदना) को मशीन द्वारा हटाना, * लेजर मशीन द्वारा अनचाहे बालों से छुटकारा, * बच्चों व बुजुर्गो की त्वचा संबंधित समस्याएं, * नाखुन में होने वाले रोगों का उपचार, * सौन्दर्य परामर्श (Cosmetic Consultation)

**करजूवाला कम्पाउण्ड, पमनानी हॉस्पिटल के पीछे, स्टेशन रोड़, मंदसौर सम्पर्क-9424813088**

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीडिया एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक- आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 313880, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in